देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार 02.06.2025
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- भारत का सकल वस्तु और सेवा कर– जीएसटी संग्रह मई में लगातार दूसरे महीने 2 लाख करोड़ रुपये से अधिक।
- प्रदेश के विभिन्न राजकीय नर्सिंग कॉलेजों में 26 नर्सिंग ट्यूटर्स को प्रथम तैनाती दी गई है।
- चमोली जिले में बैकयार्ड कुक्कुट योजना के तहत 1 हजार 800 से अधिक काश्तकारों को लाभान्वित किया गया।
- मौसम विभाग ने गढ़वाल मंडल के पर्वतीय जिलों में कहीं–कहीं आकाशीय बिजली चमकने और बारिश के तीव्र दौर का येलो अलर्ट जारी किया।

जीएसटी संग्रह

भारत का सकल वस्तु और सेवा कर– जीएसटी संग्रह लगातार दूसरे महीने 2 लाख करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर गया। केंद्रीय वित्त मंत्रालय के अनुसार, मई में कुल जीएसटी संग्रह 2 करोड़ एक लाख रुपये रहा, जो पिछले वर्ष मई में एकत्र एक करोड़ 72 लाख रुपये की तुलना में 16 दशमलव 4 प्रतिशत अधिक है।

मई में वर्ष दर वर्ष वृद्धि, आयात से एकत्र जीएसटी में 25 दशमलव 2 प्रतिशत के उछाल और घरेलू लेन–देन से 13 दशमलव 7 प्रतिशत की वृद्धि के कारण हुई।

वहीं, विदेशी निवेशकों ने भारतीय पूंजी बाजारों में मई में चालीस हजार करोड़ रुपए का निवेश किया है। लगातार दूसरे महीने निवेशकों का रुख सकारात्मक बना रहा। आंकड़ों के अनुसार विदेशी पोर्टफोलियो निवेश से भारतीय शेयर बाजार में 19 हजार 808 करोड़ रुपए और ऋण बाजार में 19 हजार 615 करोड़ रुपए का निवेश हुआ है।

नर्सिंग ट्यूटर्स

प्रदेश के राजकीय नर्सिंग कॉलेजों को 26 नए नर्सिंग ट्यूटर मिल गए हैं। राज्य चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड के माध्यम से चयनित इन नर्सिंग ट्यूटर्स को प्रदेश के विभिन्न 8 राजकीय नर्सिंग कॉलेजों में प्रथम तैनाती दी गई है। इससे नर्सिंग कॉलेजों में शैक्षणिक गतिविधियों में तेजी आने और नर्सिंग छात्र–छात्राओं को बेहतर प्रशिक्षण मिलने की उम्मीद है। अल्मोड़ा, बाजपुर, चमोली, चम्पावत, देहरादून, हल्द्वानी, पिथौरागढ़ और टिहरी स्थित राजकीय नर्सिंग कॉलेजों में इन ट्यूटर्स की नियुक्ति की गई है। चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि इन ट्यूटर्स की नियुक्ति से नर्सिंग कालेजों में शिक्षकों की कमी दूर होगी। साथ ही कॉलेजों में शैक्षणिक गतिविधियों में तेजी आयेगी। इसके अलावा नर्सिंग छात्र–छात्राओं को बेहतर

चिकित्सकीय प्रशिक्षण भी मिल सकेगा। उन्होंने सभी नवनियुक्त ट्यूटरों को बधाई देते हुए आशा जताई कि वे अपनी सेवा और समर्पण से राज्य की नर्सिंग शिक्षा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे। डॉ. रावत ने कहा कि राज्य सरकार, प्रदेश में चिकित्सा शिक्षा की गुणवत्ता को लगातार बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी संकल्प के तहत राज्य के विभिन्न राजकीय नर्सिंग कॉलेजों में नवनियुक्त नर्सिंग ट्यूटरों को प्रथम तैनाती दी गई है। इन ट्यूटरों की नियुक्ति से न केवल कॉलेजों में फैकल्टी की कमी दूर होगी, बल्कि शैक्षणिक गतिविधियां भी तेज होंगी।

साइकिल रेस

चमोली जिले में फिट इंडिया अभियान के तहत पहली बार आयोजित साइकिल रेस में 200 से अधिक लोगों ने भाग लिया। स्पोर्ट्स स्टेडियम गोपेश्वर में फिट इंडिया अभियान के तहत आज सुबह साइकिल रेस आयोजित की गई। जिसमें विभिन्न विद्यालयों के छात्रों, स्टेडियम के खिलाड़ियों और आम नागरिकों ने भाग लिया। नगर पालिका अध्यक्ष संदीप रावत ने साइकिल रेस का शुभारंभ किया। उन्होंने युवाओं से अधिक से अधिक साइकिल चलाकर फिट रहने का आह्वान किया।

जिला क्रीड़ा अधिकारी गिरीश कुमार ने बताया कि केंद्र सरकार के फिट इंडिया अभियान के तहत साइकिल रेस आयोजित की गई। उन्होंने बताया कि लॉटरी से चयनित 10 विजेताओं को को पुरस्कृत भी किया गया।

विजेता छात्र अंकित फर्स्वाण ने कहा कि हमें फिट रहने के लिए साइकिल चलानी चाहिए। उन्होंने लोगो से अधिक से अधिक साइकिल चलाने का आह्वान किया।

कुक्कुट योजना चमोली

चमोली जिले में बैकयार्ड कुक्कुट योजना के तहत पशुपालन विभाग की ओर से 117 लाभार्थियों को इकाई आवंटित की गई हैं। इससे ग्रामीण कुक्कुट पालन कर अपनी आर्थिकी को मजबूत कर रहे हैं। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी अशीम देव ने बताया कि राज्य सरकार की ओर से संचालित बैक्यार्ड कुक्कूट योजना के तहत अनुसूचित जाति व जनजाति के ग्रामीणों को कुक्कूट फार्म स्थापना के लिए अनुदान प्रदान किया जाता है। इसके तहत लाभार्थी को 50 कुक्कुट के चूजों के साथ ही 6 किलोग्राम दाना, जाली और अन्य संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि वर्तमान तक विभाग की ओर जिले में इस योजना से एक हजार आठ सौ से अधिक लाभार्थियों को लाभांवित किया जा चुका है। विभाग की ओर से योजना का लाभ लेने वाली पठियालधार निवासी दर्शन और दोगड़ी–कांडई गांव निवासी भगत कनियाल का कहना है कि योजना के माध्यम से घर पर ही अन्य कार्यों के साथ कुक्कुट पालन किया जा सकता है। साथ ही कुक्कूट पालन की तकनीक और उपचार जैसी सुविधा भी विभाग की ओर से समय–समय पर प्रदान की जाती है। उन्होंने बताया कि सरकार की यह योजना ग्रामीणों को घर बैठे अच्छी आय प्रदान करने का साधन बन रही है।

मौसम

मौसम विभाग ने आज राजधानी देहरादून और टिहरी जिले के अनेक स्थानों पर गर्जन के साथ हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताई है। इस दौरान राज्य के अन्य जिलों के कुछ स्थानों पर भी मौसम ऐसा ही बना रहेगा। मौसम विभाग ने इस अवधि में गढ़वाल मंडल के पर्वतीय जिलों में कहीं–कहीं गर्जन के साथ आकाशीय बिजली चमकने और बारिश के तीव्र दौर सहित झोंकेदार हवाएं चलने का येलो अलर्ट जारी किया है। इस बीच, आज देहरादून में सुबह से ही तेज हवाएं चलने के साथ ही रुक–रुक कर बारिश हुई। बारिश होने से लोगों को गर्मी से राहत मिली है। वहीं, चम्पावत और नैनीताल में मौसम साफ है, जबकि टिहरी और बागेश्वर में बादल छाए हैं। चमोली जिले में बादल छाए रहने के साथ ही तेज हवाएं चलने की सूचना है।

आपदा तैयारी

प्रदेश में इस बार मानसून के समय से पहले आने की संभावना हैं। आपदा के लिहाज से उत्तराखंड हमेशा संवेदनशील रहा है। इसे देखते हुए आपदा प्रबंधन विभाग ने भी अपनी तैयारियां पूरी कर ली हैं। विभागीय सचिव विनोद कुमार सुमन ने बताया कि आपदा के समय उपयोग होने वाले सभी उपकरणों की ठीक से जांच करने निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि संबंधित विभागों को अन्य सभी आवश्यक दिशा–निर्देश जारी किए गए हैं।

योग दिवस तैयारियां

पिथौरागढ़ जिले में आयुष विभाग ने योग को जन–जन तक पहुंचाने के लिये एक अनूठी पहल की है। जिले के प्रत्येक चिकित्सालय में योग शिक्षकों और अस्पताल प्रभारियों द्वारा एक व्यापक सर्वेक्षण चलाया गया है, जिसमें अब तक बाईस हजार से अधिक व्यक्तियों ने भाग लिया। यह पहल न केवल स्वास्थ्य लाभ की दिशा में अग्रसर है, बल्कि योग को जीवनशैली का हिस्सा बनाने की दिशा में एक सशक्त कदम है।

पिथौरागढ़ जैसे सीमांत जिले में योग संवाद और सौहार्द का भी माध्यम बन रहा है। नेपाल जैसे पड़ोसी देशों से बेहतर संवाद बनाए रखने के उद्देश्य से जन मानस के साथ योगबंधन शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जिले के बयानब्बे चिकित्सालयों द्वारा मई माह तक कुल पांच सौ उनतीस ग्राम सभाओं में योग शिविर का आयोजन किया गया।

आगामी सोलह जून को पिथौरागढ़ नगर निगम हॉल में एक भव्य आयुष मेले का आयोजन किया जाएगा, जो जिले में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस– 2025 की तैयारियों का केंद्र बिंदु होगा।

जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी चंद्रकला भैंसोड़ा ने सभी लोगों से योग को अपने दैनिक जीवन में शामिल करने की अपील की है।